कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2022 / 5421 रायपुर, दिनांक 16/11/22

प्रेस विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET)– 2022
हेतु त्रुटि सुधार के संबंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा संचालक, राज्य शैक्षिक, अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ के प्रस्ताव पर छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET22) का आयोजन दिनांक 18 सितंबर 2022 को दो पालियों में किया गया तथा उक्त परीक्षा के परीक्षा परिणाम व्यापम के वेबसाइट **vyapam.cgstate.gov.in** पर दिनांक 21.10.2022 को प्रदर्शित कर दिया गया है ।

कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरते समय वर्ग, श्रेणी, नाम की स्पेलिंग आदि में त्रुटि की गई है और इसके लिए आवेदन दिये जा रहे हैं। अभ्यर्थी अवगत होना चाहेंगे कि ऑनलाइन आवेदन भरते समय व्यापम द्वारा अभ्यर्थियों को निम्न जानकारी दी गई थी–

- ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।
- ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार हेतु अभ्यर्थी को 03 दिवस का समय दिया जाता है ।
- आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अनिवार्य रूप से लें व प्रविष्टियों को चेक करें ।

अतः अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत व्यापम स्तर से कोई भी त्रुटि सुधार संभव नहीं है ।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर